**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**05.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

**''मुख्य समाचार''**

- राज्यपाल ने उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए उद्योग व शिक्षण संस्थानों में बेहतर समन्वय पर दिया बल।
- देश में फरवरी 2026 से अब तक एल.पी.जी. आपूर्ति 53 प्रतिशत से बढ़कर 90 प्रतिशत तक पहुंची।
- राज्य सरकार मेडिकल कॉलेजों व स्वास्थ्य संस्थानों में तकनीकी उन्नयन के लिए करेगी 3 हजार करोड़ का निवेश।

और

- प्रदेश में हिमपात, वर्षा व ओलावृष्टि का दौर जारी–लाहौल स्पिति जिले में करीब एक सौ 45 सड़कें अवरूद्ध।

----------

**राज्यपाल**

राज्यपाल कविंन्द्र गुप्ता ने उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए उद्योग व शिक्षण संस्थानों के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया है। राज्यपाल आज लोकभवन शिमला में उनसे मिलने आए प्रख्यात शिक्षाविदों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ चर्चा के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों को पारंपरिक पाठयक्रमों से आगे बढ़कर नवाचार, कौशल विकास और राष्ट्र निर्माण के केन्द्र के रूप में उभरने की जरूरत है। इस दौरान शिक्षाविदों ने राज्यपाल को अपने–अपने संस्थानों में चल रही विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों से अवगत करवाया।

**एल.पी.जी**

केन्द्र सरकार ने कहा है कि देश में फरवरी 2026 से पिछले कल तक एल.पी.जी आपूर्ति 53 प्रतिशत से बढ़कर 90 प्रतिशत हो गई है। तेल और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अनुसार पिछले कल 90 हजार से अधिक 5 किलोग्राम वाले एफ.टी.एल–छोटे सिलेंडरों की बिक्री की गई। मंत्रालय ने कहा है कि मार्च 2026 से अब तक करीब 3 लाख 60 हजार पी.एन.जी. गैस कनैक्शन दिए गए हैं। इनके अलावा 3 लाख 90 हजार से अधिक उपभोक्ताओं ने नए कनैक्शन के लिए पंजीकरण करवाया है।

**अग्निहोत्री**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने अधिकारियों को निर्माणाधीन परियोजनाओं में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। ऊना में आज एक समीक्षा बैठक में उन्होंने बताया कि ज़िले में करीब एक हज़ार करोड़ रूपए की पेयजल व सिंचाई योजनाओं के कार्य प्रगति पर हैं। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के पूरा होने से समयबद्ध रूप से लोगों को पेयजल व सिंचाई सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। अग्निहोत्री ने संतोषगढ़ सीवरेज योजना के शेष कार्य को भी प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश दिए ताकि क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सके।

**फसल नुकसान**

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि बेमौसमी बरसात और ओलावृष्टि से पीड़ित किसानों को चिंता करने की ज़रूरत नहीं है। उन्होंने कहा है कि केन्द्र सरकार स्थिति पर नज़र बनाए हुए है और किसानों को हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए संबंधित राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ विस्तृत चर्चा की जाएगी। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि स्थिति के आकलन के बाद ज़रूरी कदम उठाए जाएंगे।

**शांडिल**

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश के सभी चिकित्सा महाविद्यालयों और स्वास्थ्य संस्थानों में तकनीकी उन्नयन के लिए 3 हज़ार करोड़ रूपए से अधिक का निवेश करेगी। इससे लोगों को घर के समीप ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। सोलन में एक कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि बीते 3 वर्षों में सरकार द्वारा किए गए कार्यों के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। शांडिल ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए राज्यस्तरीय एच.पी.वी. टीकाकरण अभियान शुरू किया गया है और भविष्य में इस कार्यक्रम को नियमित टीकाकरण अभियान में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में पूरी जांच के उपरांत ही ये टीका लगाया जा रहा है और इसके कोई दुष्प्रभाव सामने नहीं आए हैं।

**शिक्षा मंत्री**

राज्य सरकार ने शिक्षा क्षेत्र की मज़बूती के लिए इस वित्त वर्ष के बजट में 9 हज़ार 6 सौ 66 करोड़ रूपए का प्रावधान किया है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज शिमला ज़िले में जुब्बल उपमण्डल की कुड्डू पंचायत में एक जनसभा में बताया कि इस राशि से शिक्षा के आधारभूत ढांचे को मज़बूत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कोटखाई में केन्द्रीय विद्यालय स्वीकृत हुआ है और इस संस्थान के बनने से शिक्षा के स्तर में वृद्धि होगी। इससे पहले उन्होंने कुड्डू पंचायत में करोड़ों रूपए की विकास योजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास भी किए।

**भाजपा बैठक**

भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक कल 6 अप्रैल जबकि प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक 7 अप्रैल को मंडी में होगी। इस बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी चुनाव रणनीति और जनसंघर्ष की रूपरेखा तैयार की जाएगी। पार्टी के अनुसार इस दो दिवसीय कार्यक्रम में संगठन के विभिन्न आयामों

पर विचार विमर्श किया जाएगा। इसके अलावा प्रदेश की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर भी चर्चा की जाएगी।

**गौवंश**

राज्य सरकार ने इस वित्त वर्ष के बजट में गौवंश के पुनर्वास के लिए कई नए प्रावधान किए हैं। एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार प्रतिष्ठित स्वयं सेवी संस्थाओं, गैर सरकारी संगठनों और इच्छुक उद्योग समूहों को किसी भी सरकारी गौसदन या गौ अभ्यारण्य को गोद लेने की अनुमति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि बेसहारा गौवंश के उचित पुनर्वास से न केवल किसानों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित हो रहा है, बल्कि किसान एकबार फिर खेती की ओर प्रेरित हो रहे हैं।

**नड्डा**

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कल देर शाम कुल्लू ज़िले के बंजार क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने इस हादसे में घायल हुए लोगों के जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। बंजार उपमण्डल के सोझा नामक स्थान पर हुए इस हादसे में एक पर्यटक वाहन के गहरी खाई में गिर जाने से 4 लोगों की मृत्यु हो गई थी जबकि 19 लोग घायल हुए हैं। ये सभी लोग दिल्ली से हिमाचल घूमने आए हुए थे।

**मौसम**

प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में वर्षा व ऊंची चोटियों पर हिमपात का क्रम रूक–रूक कर जारी है। पिछले 24 घंटों के दौरान ऊंची चोटियों पर बर्फबारी व निचले इलाकों में व्यापक वर्षा हुई है। राजधानी शिमला और इसके साथ लगते क्षेत्रों में दोपहर बाद से वर्षा के साथ–साथ ओलावृष्टि का दौर चल रहा है। मौसम के इस मिजाज से तापमान में भी कमी दर्ज की गई है। अधिक ब्यौरे के साथ ये रिपोर्ट.....

***प्रदेश में अप्रैल माह की शुरूआत में ही बेमौसमी वर्षा, हिमपात और ओलावृष्टि का दौर चल रहा है। लाहौल–स्पिति, किन्नौर, कुल्लू और चम्बा ज़िले के ऊंचाई वाले इलाकों में हिमपात और निचले इलाकों में वर्षा से जनजीवन पर असर पड़ा है। ताज़ा बर्फबारी से जनजातीय ज़िला लाहौल–स्पीति में कुल एक सौ 45 सड़कें यातायात के लिए अवरूद्ध हैं और करीब एक सौ 90 विद्युत ट्रांसफार्मर प्रभावित हैं। लाहौल क्षेत्र में एक सौ 34 जबकि स्पीति में 11 सड़कें बर्फबारी के कारण अवरूद्ध हैं। हालांकि जलापूर्ति योजनाओं में कोई बाधा नहीं है। ज़िला प्रशासन ने लोगों से एहतियात बरतने और अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी है। प्रदेश भर में हो रही बेमौसमी वर्षा और ओलावृष्टि से फलदार पौधों और फसलों पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान भी ऊंचाई वाले इलाकों में हिमपात व अन्य स्थानों पर कहीं–कहीं वर्षा की संभावना जताई है।***

प्रादेशिक समाचार के लिए समाचार कक्ष से मैं सुरेश शर्मा।

**चम्बा भाजपा**

प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य जयसिंह ने कांग्रेस सरकार पर जनता की मूलभूत सुविधाओं को छीनने का आरोप लगाया है। चम्बा ज़िले के बनियाग में आज एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार अपनी एक भी चुनावी गारंटी को पूरा नहीं कर पाई है।

उन्होंने ये भी आरोप लगाया कि चम्बा ज़िले से सत्ता पक्ष के विधायक भी जनसमस्याओं को सुलझाने में विफल रहे हैं।

**हर्ष महाजन**

भाजपा के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने राज्य सरकार द्वारा लगाए गए एंट्री टैक्स को पूरी तरह जनविरोधी और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाने वाला बताया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि एंट्री टैक्स जैसे फैसले पर्यटन उद्योग को सीधे प्रभावित करेंगे और प्रदेश की आय पर भी नकारात्मक असर डालेंगे। उन्होंने सरकार से इस निर्णय को जनहित में तुरंत वापस लेने की मांग की है।

**जयंती**

स्वतंत्रता सेनानी बाबू जगजीवन राम की जयंती पर आज उन्हें देशभर में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शिमला स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी नेताओं ने बाबू जगजीवन राम के छायाचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान अखिल भारतीय कांग्रेस अनुसूचित जाति के राष्ट्रीय संयोजक कर्मवीर बौद्ध विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि दलित समाज के उत्थान और उनके अधिकारों के लिए बाबू जगजीवन राम ने अनेक कार्य किए।

........